# बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

## आवश्यक सूचना

**विज्ञापन संख्या–26/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा**

विज्ञापन संख्या–26/2023, विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक– 24.08.2023 से 26.08.2023 तक दो बैठकों (प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली) में राज्य स्थित सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित की जायेगी :–

उक्त परीक्षा के लिए दिनांक–10.08.2023 से प्रवेश–पत्र (e-Admit Card) डाउनलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा सूचित किया गया है कि e-Admit Card में अद्यतन फोटो अपलोड करते समय गलत फोटो अपलोड होने के कारण e-Admit Card में द्वितीय फोटो अन्य व्यक्ति का फोटो दर्ज हो गया है। अतः ऐसे अभ्यर्थियों को गलत फोटो Edit कर सही फोटो दुबारा अपलोड करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आयोग के डैशबोर्ड पर दिनांक–18.08.2023 से 20.08.2023 तक एक लिंक दिया जायेगा। उक्त तिथि के बाद किसी तरह का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

1. शिक्षक भर्ती नियमावली के अनुसार एक अभ्यर्थी 3 बार ही परीक्षा में भाग ले सकते है। यदि अभ्यर्थी द्वारा उक्त परीक्षा में ऑनलाइन आवेदन किया गया है एवं वे परीक्षा में सम्मिलित होते है, परन्तु OMR Sheet में उनके द्वारा उत्तर दर्ज नहीं किया जाता है तो भी वैसे अभ्यर्थी की अवधि की गणना की जायेगी।
2. कतिपय अभ्यर्थियों का उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में अपलोड किये गये फोटो का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य, परीक्षा की निर्धारित **तिथि 24.08.2023 को** संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।
3. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्णरूप से भरकर उनके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित रंगीन फोटो चिपकाऐंगे एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे।
4. राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित दो रंगीन फोटो में से एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई–प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकाऐंगे। दूसरा फोटो ई–प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित परीक्षा पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
5. केन्द्राधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान/सत्यापन करने के पश्चात ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।

**नोटः–विहित घोषणा पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।**

12.8.2023

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना